# जनपद शामली पुलिस

**--सोशल मीडिया सेल शामली--**

प्रेस विज्ञप्ति — दिनांक-14.06.2025

**पुलिस अधीक्षक जनपद शामली द्वारा 19 बसो मे कुल 824 चयनित पुलिस अभ्यर्थियो को नवनिर्मित पुलिस लाइन शामली से हरी झंण्डी दिखाकर आयोजित स्थल लखनऊ रवाना किया गया।**

माननीय केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह व माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश श्री योगी आदित्यनाथ जी के अभिभावकत्व में 60,244 नव चयनित आरक्षीयों के नियुक्ति पत्र वितरण का कार्यक्रम दिनांक 15.06.2025 को जनपद लखनऊ में आयोजित किया जा रहा है। निष्पक्ष पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के जरिये चयनित 60,244 आरक्षी विश्व के सबसे बडे पुलिस बल का हिस्सा बनने जा रहे इन नव चयनित आरक्षियों में से जनपद शामली से चयनित 651 पुरुष अभ्यर्थियो व 173 महिला अभ्यर्थियों (कुल 824 अभ्यर्थी) को पुलिस अधीक्षक शामली श्री राम सेवक गौतम द्वारा हरी झण्डी दिखाकर क्षेत्राधिकारी कैराना श्री श्याम सिंह के नेतृत्व में 19 बसो में बैठाकर जनपद लखनऊ में आयोजित होने वाले समारोह के लिए प्रस्थान कराया गया। इस अवसर पर नोडल अधिकारी/अपर पुलिस अधीक्षक शामली श्री संतोष कुमार सिंह, प्रतिसार निरीक्षक श्री विक्रम सिंह व अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।



**थाना झिंझाना पुलिस द्वारा 01 मादक पदार्थ तस्कर गिरफ्तार, कब्जे से अवैध 22 ग्राम स्मैक बरामदः-**

दिनांक 13/14.06.2025 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री राम सेवक गौतम के आदेशानुसार चलाए गये मादक पदार्थों की तस्करी में लिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी/बरामदगी अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी कैराना के कुशल नेतृत्व में थाना झिंझाना पुलिस द्वारा 01 मादक पदार्थ तस्कर को अवैध 22 ग्राम स्मैक सहित गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना झिंझाना पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तः-**

1.सलमान पुत्र दिलशाद  निवासी ग्राम चौसाना थाना झिंझाना जनपद शामली

**बरामदगी का विवरणः-**

1.अवैध 22 ग्राम स्मैक।



**चौकी चौसाना थाना झिंझाना पुलिस द्वारा 01 मादक पदार्थ तस्कर गिरफ्तार, कब्जे से अवैध 60 ग्राम स्मैक, इलेक्ट्रोनिक कांटा, मोटर साईकिल बरामदः-**

दिनांक 13/14.06.2025 की रात्रि को पुलिस अधीक्षक शामली श्री राम सेवक गौतम के आदेशानुसार चलाए गये मादक पदार्थों की तस्करी में लिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी/बरामदगी अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी कैराना के कुशल नेतृत्व में थाना झिंझाना पुलिस द्वारा 01 मादक पदार्थ तस्कर को अवैध 60 ग्राम स्मैक व कट व एक इलैक्ट्रानिक काटा व पालीथीन व एक मोटर साईकिल एचएफ डिलक्स रजि न0 UP 19 U 6235 सहित गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है । गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में चौकी चौसाना थाना झिंझाना पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तः-**

1.हासिम जोन पुत्र सलीम निवासी कस्बा चौसाना थाना झिंझाना जनपद शामली।

**बरामदगी का विवरणः-**

1.अवैध 60 ग्राम स्मैक।

2.एक इलेक्ट्रोनिक कांटा

3.मोटर साईकिल एचएप डीलेक्स न0 UP 19 U 6235



**थाना आदर्शमंडी पुलिस द्वारा चोरी की घटना में वांछित 01 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से चोरी की बाइक बरामदः-**

ज्ञात हो दिनाँक 12.06.2025 की रात्रि को श्री संजीव कुमार पुत्र सेवाराम निवासी मौहल्ला गांधीनगर कस्बा बनत जनपद शामली अपनी मोटर साइकिल हीरो होन्डा न0 UP 12 S 5987 को अपने भाई के घेर मौहल्ला गांधीनगर में खडी करके अपने घर चला गया था । तभी अज्ञात व्यक्ति द्वारा उसकी बाइक चोरी कर ली । इस सम्बन्ध में थाना आदर्शमण्डी पर तहरीर दाखिल की गयी थी । दाखिल तहरीर के आधार पर थाना आदर्शमण्डी पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था ।

इसी क्रम में दिनांक 14.06.2025 की रात्रि में पुलिस अधीक्षक शामली श्री राम सेवक गौतम के आदेशानुसार चलाए जा रहे संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चैकिंग अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी नगर शामली के कुशल पर्यवेक्षण में थाना आदर्शमण्डी पुलिस द्वारा चोरी की घटना में वांछित 01 अभियुक्त को चोरी की मोटर साइकिल सहित गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है । गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना आदर्शमण्डी पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है ।

**नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्त-**

1.रवि पुत्र प्रदीप निवासी मौहल्ला पटेल नगर कस्बा बनत थाना आदर्शमंडी जनपद शामली

**अपराधिक इतिहास अभियुक्त**

1.मु0अ0सं0 154/24 धारा- 379/411 भादवि थाना कांधला जनपद शामली

2.मु0अ0सं0 96/2025 धारा 303(2) बीएनएस थाना आदर्शमण्डी जनपद शामली

**बरामदगी का विवरणः-**

1.चोरी की गई मोटर साईकिल हीरो होन्डा न0 U.P.12 S. 5987



**शामली पुलिस द्वारा 'ऑपरेशन क्लीन' अभियान के तहत एनडीपीएस एक्ट से सम्बन्धित मुकदमों में बरामद कुल 68 माल वजन 3632.27646 किलोग्राम नशीलें पदार्थों को मा0 न्यायालय के आदेश के अनुपालन में विनिष्टीकरण की कार्यवाही की गयी।**

श्रीमान पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा चलाये जा रहे "आपरेशन क्लीन" अभियान के क्रम में माननीय न्यायालय के आदेश के अनुपालन में जिलाधिकारी शामली श्री अरविन्द चौहान व पुलिस अधीक्षक शामली श्री रामसेवक गौतम के निर्देशन में जनपद शामली में थानो पर लम्बित मालों के निस्तारण हेतु चलाये जा रहे अभियान ऑपरेशन क्लीन के तहत माननीय न्यायालय के आदेश के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक शामली श्री संतोष कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर श्री अमरदीप मौर्य, क्षेत्राधिकारी थानाभवन श्री जितेन्द्र सिंह यादव के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक डी0सी0आर0बी0 श्री यतेन्द्र सिंह के कुशल नेतृत्व में जनपद शामली के थाना कोतवाली शामली/ कैराना/कांधला/झिंझाना/थानाभवन/ गढीपुख्ता/बाबरी के माल मोहर्रिर की मौजूदगी में आज दिनांक 14.06.2025 को एनडीपीएस एक्ट से सम्बन्धित मुकदमों में बरामद भिन्न-भिन्न प्रकार के नशीले पदार्थ (गांजा-115.358 किलोग्राम, चरस-62.785 किलोग्राम, स्मैक 4.99889 किलोग्राम, सुल्फा-0.41 किलोग्राम, डोडा पोस्त-3440.09 किलोग्राम, अन्य मादक पदार्थ-8.63457 किलोग्राम) कुल 3632.27646 किलोग्राम को एसएम एमएच मेडिकल कालेज जनपद सहारनपुर की पिलखनी इन्सुलेटर भट्टी में समस्त माल को नष्ट कराकर विनष्टीकरण की कार्यवाही की गयी।

**नष्ट किया गया एनडीपीएस एक्ट से सम्बन्धित माल का विवरणः-**

1.गांजा- 115.358 किलोग्राम

2.चरस- 62.785 किलोग्राम

3.स्मैक- 4.99889 किलोग्राम

4.सुल्फा-0.41 किलोग्राम

5.डोडा पोस्त-3440.09 किलोग्राम

6.अन्य मादक पदार्थ-8.63457 किलोग्राम

**(कुल 3632.27646 किलोग्राम)**




**<u>थाना झिंझाना पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम बल्हेडा में मारपीट, गाली गलौच, जाति सूचक शब्द कहने व जान से मारने की धमकी देने के मामले में वांछित 02 अभियुक्त गिरफ्तारः-</u>**

ज्ञात हो कि दिनांक 13.06.2025 को श्रीमती पिंकी पत्नि जितेन्द्र निवासी ग्राम बल्हेडा थाना झिंझाना जनपद शामली द्वारा उसके पति जितेन्द्र के साथ अभियुक्तगण द्वारा मारपीट, गाली गलौच, जाति सूचक शब्द कहने व जान से मारने की धमकी देने के सम्बन्ध में वादिया की दाखिला तहरीर के आधार पर थाना झिंझाना पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था। थाना झिंझाना पुलिस द्वारा घटना में लिप्त अभियुक्तगण की तलाश की जा रही थी।

इसी क्रम में आज दिनांक 14.06.2025 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री राम सेवक गौतम के आदेशानुसार चलाये जा रहे अपराध की रोकथाम एवं अपराध में लिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी कैराना के निकट पर्यवेक्षण में थाना झिंझाना पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम बल्हेडा में मारपीट, गाली गलौच, जाति सूचक शब्द कहने व जान से मारने की धमकी देने के मामले में वांछित 02 अभियुक्तगण को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना झिंझाना पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तः-</u>**

1.सद्दाम पुत्र लिल्ला निवासी ग्राम बल्हैडा थाना झिंझाना जनपद शामली
2.माँगाराम पुत्र कँवरपाल निवासी ग्राम बल्हैडा थाना झिंझाना जनपद शामली




**SOCIAL MEDIA CELL SHAMLI**